सम्मेलन — विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

# विकसित भारत के संकल्प में सभी का साथ जरूरी




**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत - 2047 जो संकल्प लिया है यह प्रधानमंत्री का और सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है । इस संकल्प की पूर्ति हेतु सभी को साथ आना होगा और समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी, विगत 12 वर्षो की विकास यात्रा को लेकर हम आपके बीच आये हैं।

हमारे देश की 140 करोड़ जनसंख्या को पहले बोझ माना जाता था ,आज स्थिति बदली है, देश के लोगो का जीवन स्तर बदल रहा है, हर व्यक्ति आगे आ रहा है ,जीवन जीने का तरीका स्टेण्डर्ड बदल रहा है। यह बातें केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए संभागीय भाजपा कार्यालय रानीताल में कहीं।

इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि पूरे विश्व में आज स्थितियाँ विपरीत है, चुनौती पूर्ण माहौल है उसके बाद भी हमारा भारत स्थिर खड़ा है और आने वाले किसी भी संकट का का सामना और समाधान करने में सक्षम है और यह सब इसीलिए संभव हुआ है क्योंकि आपके आशीर्वाद और सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज एक पूर्ण बहुमत स्थिर सरकार है, जनमत मोदी के साथ है। सशक्त नेतृत्व और सक्षम सरकार होने से ही भारत आज विश्व भर की चुनौतीयों के बाद भी हर मामले में स्थिर खड़ा है।

## करोड़ों को गरीबी से बाहर निकाला : राकेश सिंह

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने संकल्प सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं का सशक्तिकरण ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्र सरकार की योजनाओं ने करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वहीं सांसद आशीष दुबे ने कहा कि 2014 के बाद से विकसित भारत की आवाज हमारे कानो में गूंज रही हैं। प्रधानमंत्री ने शपथ लेते ही राष्ट्र प्रथम को ही प्राथमिकता दी और उसका परिणाम हुआ कि देश आज प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री के सभी कार्यक्रमों में जबलपुर के सभी प्रमुख नेता उपस्थित थे।

### एक ही वाहन में यात्रा करते दिखे समस्त जनप्रतिनिधि

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर सभी जनप्रतिनिधि ईंधन बचाने हेतु प्रतिबद्ध दिखे, डुमना एयरपोर्ट से ही केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ एक ही वाहन में जबलपुर में विभिन्न स्थानों गए अपने पूरे प्रवास में न्यूनतम वाहनों का उपयोग किया।

## सामान नागरिक संहिता पर 22 तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

**नवभारत,जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों से ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। नागरिक अपने सुझाव इसके लिये विशेष रूप से तैयार की गई वेबसाइट यूसीसी डॉट एमपी डॉट जीओवी डॉट इन पर 22 जून तक दे सकेंगे। सामान नागरिक संहिता के बारे में इस वेबसाइट पर सुझाव शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी, परिवार के सदस्य, समाज सेवक, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र, जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों, सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य सभी प्रकार के संगठन और समूहों के सदस्य द्वारा दर्ज कराये जा सकते हैं। वेबसाइट पर सुझाव देने की प्रक्रिया बहुत सरल है। वेबसाइट पर दिये गये फार्म में केवल नाम, लिंग, धर्म, संभाग, जिला, पता, और मोबाइल नंबर अंकित करना है। कुल बारह प्रश्नों के उत्तर हाँ या न में देने के बाद मोबाइल पर आये ओटीपी से सत्यापित करने से सुझाव दर्ज हो जाता है।

# अवैध बीज भंडारण पर एक दुकान सील, दो को नोटिस

**धनपुरी और बरेला में कृषि अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण**



**नवभारत,जबलपुर।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश में जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग के उड़नदस्ते द्वारा रविवार को ग्राम धनपुरी एवं बरेला में संचालित विभिन्न बीज, कीटनाशक एवं उर्वरक प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर एक दुकान को अवैध रूप से भंडारित बीज को जप्त कर सील करने तथा दो को कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा गौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रश्मि परसाईं एवं कृषि विस्तार अधिकारी पुरुषोत्तम प्रजापति ने धनपुरी और बरेला क्षेत्र के प्रमुख प्रतिष्ठानों श्री हरि कृषि केंद्र, साई कृषि केंद्र, अजय कृषि केंद्र, कृषि जगत, कृषि उद्यम कृषि केंद्र, चौरसिया कृषि केंद्र एवं आनंद कृषि केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक पंजी, मूल्य सूची बोर्ड और वैध दस्तावेजों की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान आनंद कृषि केंद्र पर बिना किसी वैध लाइसेंस के अवैध रूप से बीज का भंडारण और विक्रय करते पाया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध बीज की मात्रा को जब्त कर दुकान को आगामी आदेश तक सील कर दिया है। इसके साथ ही, आनंद कृषि केंद्र को बिना प्रिसिंपल सर्टिफिकेट के अवैध रूप से बीज की सप्लाई करने वाले संबंधित थोक विक्रेता को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई ।जांच दल को कृषि उद्यम कृषि केंद्र के निरीक्षण के दौरान भी कई गंभीर विसंगतियां और अनियमितताएं मिलीं, जिस पर संज्ञान लेते हुए संचालक को तत्काल प्रभाव से 'कारण बताओ नोटिस' दिया गया है। समय पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर इनका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# रानी दुर्गावती प्रगति पथ यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद एवं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह रानी दुर्गावती प्रगति पथ यात्रा में शामिल हुए।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि उन्हें जबलपुर की जनता के बीच उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और यह सम्मान प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश की जनता के आशीर्वाद का परिणाम है।

केंद्रीय मंत्री ने रानी दुर्गावती प्रगति पथ परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि लगभग 7 किलोमीटर लंबे इस सेतु ने जबलपुर के शहरी विकास को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना अब भारत में साकार हो रही है और यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संभव हुआ है।

# बहोरीपार के नर्मदा घाट पर हो रही थी रेत चोरी

**अमले ने दबिश देकर चार हाईवा रेत की जब्त**

**3 के खिलाफ दर्ज किया गया प्रकरण**



**नवभारत,जबलपुर।** रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्ती से रोक लगाने के कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्व और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त दल ने रविवार को आकस्मिक कार्यवाही कर जबलपुर तहसील के ग्राम बहोरीपार में नर्मदा घाट पर अवैध रूप से भंडारित लगभग 4 हाईवा रेत को जप्त कर जेसीबी मशीनों की सहायता से वापस नदी में प्रवाहित कर दिया है। तहसीलदार रविंद्र पटेल एवं थाना प्रभारी बरगी नीलेश दोहरे द्वारा की गई इस कार्यवाही में रेत का अवैध उत्खनन करने वाले तीनों व्यक्तियों अशोक बर्मन, अंकित बर्मन एवं राकेश यादव पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्यवाही करने वाली राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम में पटवारी शशि जसेले और राहुल तिवारी, हेड कांस्टेबल विजय पटेल और उदय सिंह एवं कांस्टेबल मिथलेश जायसवाल भी शामिल थे।

# 14 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाडियों में संचालित सघन टिकट जांच अभियान के उत्कृष्ट परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के दो माह (1 अप्रैल से 31 मई) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 1 लाख 68 हजार से अधिक अनियमित, बिना टिकट एवं अनबुक्ड लगेज यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल लगभग 14 करोड़ 7 लाख रुपये का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के प्रभावी मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाडियों में निरंतर और लक्षित जाँच अभियान चलाए गए। इन अभियानों में यात्री सुरक्षा, राजस्व संरक्षण तथा अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

# 2 . 20 लाख की शराब पकड़ाई, दो गिरफ्तार


**जबलपुर।** पनागर एवं घमापुर पुलिस की टीम द्वारा दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही 181 बाटल एवं 275 पाव अंग्रेजी 100 देशी शराब कीमती 2 लाख 20 हजार 508 रूपये समेत शराब परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट जप्त की गई। पनागर थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि एन एच 30 हरिओम ढाबा के पास दबिश दी गई। नीले रंग की कार तेजी से जाती दिखी जिसका पीछा मझौली वायपास के पास रोका गया कार चालक वापस कटनी तरफ कार घुमाने लगा जिसे घेराबंदी कर रोका गया। कार चालक शेख समीर पिता शेख बसीर 34 वर्ष निवासी टीवी टावर कटंगा थाना केण्ट को पकड़ा गया, बिना नम्बर की कार की तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट एवं डिक्की में 20 कार्टून में कुल 196 लीटर 200 मिली लीटर अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 1 लाख 79 हजार 958 रूपये की रखी मिलीं आरोपी से उक्त अंग्रेजी शराब के संबंध में पूछने पर घमापुर बाई का बगीचा निवासी साहिल यादव व झामनदास चौराहा कांचघर चौराहा निवासी निहाल नायडू के कहने पर 2 हजार रूपये मजदूरी लेकर दोनों के बताये स्थान बहोरीबंद तरफ अज्ञात बिना नम्बर की बोलेरो से अंग्रेजी शराब भरे कार्टून अपनी स्विफ्ट कार में लोडकर साहिल यादव व निहाल नायडू को देने जाना बताया। इसी प्रकार घमापुर थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि भगवान दास टेंट के पास घेराबंदी कर छोटू खरे उर्फ नवीन खरे 34 वर्ष निवासी शीतलामाई रोड घमापुर को पकड़ा गया?।

# नर्मदा नदी के सिलुआ घाट में डूबे दो दोस्तों की मौत



**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी स्थित सिलुआ घाट पर रविवार को दोस्तों के साथ नर्मदा नदी में नहाने गए दो दोस्तों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सिलुआ चौड़ा निवासी सागर पटेल (17) और ध्रुव पटेल (19) अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ रविवार सुबह 11 बजे सिलुआ घाट पर नहाने के लिए पहुँचे थे। सभी दोस्त नदी के किनारे नहा रहे थे और मस्ती कर रहे थे। इसी बीच नहाते-नहाते सागर और ध्रुव अचानक किनारे से आगे बढ़कर गहरे पानी की ओर चले गए। नदी में तेज गहराई होने के कारण दोनों खुद को संभाल नहीं पाए और देखते ही देखते पानी के तेज बहाव में लापता हो गए। साथ आए अन्य तीन दोस्तों ने जब सागर और ध्रुव को पानी में डूबते और मदद के लिए हाथ-पैर मारते देखा, तो उनके होश उड़ गए। दोस्तों ने तुरंत चीख-पुकार मचाते हुए आसपास के ग्रामीणों को आवाज दी। ग्रामीणों ने फौरन इसकी सूचना गौर चौकी पुलिस को दी। डूबने की खबर मिलते ही गौर चौकी पुलिस बल के साथ तत्काल सिलुआ घाट पहुँची। युवकों की तलाश के लिए तुरंत एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम को रेस्क्यू के लिए उतारा गया। नदी की गहराई और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू टीम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब घंटों की भारी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने दोनों युवकों के शवों को ढूंढ निकाला और पानी से बाहर लाए। जैसे ही दोनों युवकों के शव घाट पर आए, वहाँ मौजूद परिजनों और ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# क्रिकेट खेलकर लौट रहे किशोर को चाकू से गोदा



**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गंगा मैया में क्रिकेट खेलकर घर लौट रहे किशोर पर पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि गंगा मैया निवासी जॉनसन पिल्ले अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। खेल खत्म होने के बाद वह पैदल ही अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे पड़ोस के रहने वाले दो नाबालिग लड़के मिल गए। किसी पुरानी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों नाबालिग लड़के तैश में आ गए। उन्होंने जानसन को संभलने का मौका भी नहीं दिया और सीधे उसके गले पर चाकू से वार कर दिया। जब जानसन ने बचने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसकी पीठ पर भी ताबड़तोड़ कई वार किए। हमले में गंभीर रूप से जख्मी होकर जानसन लहूलुहान हालत में मौके पर ही गिर पड़ा।

चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग और जानसन के दोस्त मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपी भाग निकले। खून से लथपथ जानसन को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, गले पर गहरा घाव होने और अत्यधिक खून बह जाने के कारण जानसन की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। रांझी पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार नाबालिग आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# गिरदावरी नहीं होने से हजारों किसान मूंग के पंजीयन से वंचित

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मूंग उड़द के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून घोषित की गई है, जबलपुर जिले में मूंग उड़द की गिरदावरी पूर्ण न होने से हजारो किसान पंजीयन से वंचित रह गये हैं। मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रुपये प्रति कुण्टल घोषित है, जबकी मंडियो में औषत मॉडल भाव 6000 से 6500 रुपये में यानी 2 से ढाई हजार रुपये प्रति कुण्टल के घाटे में किसान बेचने मजबूर हो रहे हैं।

जबलपुर जिले में गिरदावरी अभी तक पूर्ण नहीं हुई है, किसान पटवारियों, तहसीलदारो के यहां चक्कर लगा लगा परेशान हो गये हैं, उनकी कोई सुनने तैयार नहीं है। और कल यानी 15 जून को पंजीयन की अंतिम तिथि है। किसान करें तो क्या करें ।

किसानों के गैर राजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज के महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव को ईमेल से भेजे गये पत्र में शीघ्र गिरदावरी पूर्ण करने व पंजीयन की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। अग्रवाल ने जिले के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से किसानों की मांग शासन तक पहुंचा कर समय सीमा बढ़वाने हेतु प्रयास करने व युद्व स्तर पर गिरदावरी का कार्य पूर्ण कराने की अपील की है। साथ ही गिरदावरी का कार्य समय पर पूर्ण न किये जाने व इस लापरवाही के लिए सबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

जैविक हाट — जैविक उत्पादों की रही भरपूर रौनक

# कृषि उपज मंडी में इस रविवार को भी सजा जैविक हाट



**नवभारत,जबलपुर।** जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट का इस रविवार भी जबलपुर कृषि उपज मंडी परिसर में सफल आयोजन किया गया। 'खेत से थाली तक शुद्ध आहार' की अवधारणा को साकार करते हुए लगाये गये जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखण्डों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर रसायन मुक्त एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री की खरीदी की। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने बताया कि इस बार जैविक हाट में पारंपरिक जैविक सब्जियों के साथ-साथ मौसमी फलों की विशेष आकर्षक श्रृंखला देखने को मिली, जिसमें मल्लिका एवं दशहरी आम एवं जामुन प्रमुख रहे। देशी गिर गाय के दूध का दही, मही एवं पनीर, रागी आटा, विभिन्न प्रकार के जैविक मसाले तथा स्वास्थ्यवर्धक एवं औषधीय उत्पाद जैसे मोरिंगा पाउडर, चिया सीड्स आदि विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

### जैविक खेती के महत्व को बताया

रविवार को लगाये गये जैविक हाट का संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम द्वारा जैविक हाट का निरीक्षण किया। जैविक हाट का सफल संचालन अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनीषा पटेल एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर के नेतृत्व में किया गया। कृषि अधिकारियों ने किसानों एवं उपभोक्ताओं से संवाद कर जैविक खेती के महत्व, उत्पादों की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती एवं जैविक उत्पादन के विस्तार हेतु प्रेरित किया तथा उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक जैविक उत्पाद अपनाने का आग्रह किया। कृषि विस्तार अधिकारी वृषभान अहिरवार, श्रीमती मीना जाटव, साक्षी तिवारी, प्राची बर्मन, अदिति सिंह, काजल पांडे, सुमित पाटकर, शरद दाहिया एवं ए टी एम साहब पटेल जैविक हाट को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने की नर्मदा आरती

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर आगमन पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के निवास पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन-अर्चन कर आरती की। इस अवसर पर शरद अग्रवाल, अधिवक्ता सचिन अग्रवाल, शौर्य और संस्कार उपस्थित रहे। देवेंद्र प्रताप सिंह ने विभिन्न सामाजिक विषयों सहित आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विकास व कल्याण पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में शरद अग्रवाल ने देवेंद्र प्रताप सिंह को गोंडी चित्रकला भेंट की और शॉल-श्रीफल देकर उनका आदरपूर्वक स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया।











